

Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें
Reg. No. MH180326353

BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 187 ● मुंबई, गुरुवार 06 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


**समाचार पत्र पदमावत मीडिया कार्यालय में 7 मार्च को अवकाश रहेगा। संपादक अनुसार**

# ग्रामीण क्षेत्र का विकास प्रदेश की समृद्धि की आधारशिला आठ करोड़ लोगों को डबल इंजन की सरकार पर विश्वास सवा साल में एक भी पेपर नहीं हुआ लीकः मुख्यमंत्री शर्मा

## बजट सौगातों के लिए जयपुर देहात की जनता ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास प्रदेश की प्रगति और समृद्धि की आधारशिला है। इस बजट में ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, कृषि, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनेक प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार 8 करोड़ प्रदेशवासियों के विश्वास को कायम रखते हुए काम कर रही है, जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान के सपने को पूरा किया जा सके। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए जयपुर देहात (दक्षिण) की ओर से आए प्रतिनिधिमण्डल की आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को हमने संकल्प पत्र में शामिल किया था तथा 1 साल में संकल्प पत्र के 55 प्रतिशत वादे पूरे किए जा चुके हैं। किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं के हितों के लिए हमारी सरकार लगातार निर्णय ले रही है।

### इस वर्ष का बजट कृषक कल्याण केन्द्रित

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट किसानों को आगे रखते हुए बनाया गया है। किसान सम्मान निधि को बढाकर 9 हजार रुपये करना, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत गोपालकों को ब्याजमुक्त ऋण, 50 हजार नए कृषि बिजली कनेक्शन और 5 लाख घरेलू कनेक्शन जैसे बजटीय प्रावधानों से किसान खुश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए भी सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां और डेढ़ लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार




उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय हुए पेपरलीक प्रकरणों से राज्य का युवा परेशान था। हमने आते ही इन प्रकरणों में लिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की। हमारे सवा साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे अपराध मुक्त राजस्थान की दिशा में उठाए गए कदमों से राज्य में गैंगवार और अपराध भी कम हुआ है।

### पानी और बिजली राज्य सरकार की प्राथमिकता

शर्मा ने कहा कि हमने प्रदेश में पानी और बिजली को प्राथमिकता पर रखा। राज्य सरकार प्रदेश में पानी की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने की दिशा में पूर्वी राजस्थान के लिए राम जलसेतु लिंक परियोजना, शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौता, दक्षिणी राजस्थान के लिए देवास परियोजना का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं माही परियोजना को



भी सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य योजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश छू रहा विकास के नए आयाम

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की जनता को पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। उनके नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय जल जीवन मिशन के तहत बहुत भ्रष्टाचार हुआ तथा आमजन को पानी नहीं मिल सका। प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन की सीमा 2028 तक बढ़ा दी, जिससे राज्य की जनता को हर घर नल से जल उपलब्ध हो



सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर का विस्तार होने के साथ ही इसके आसपास के इलाकों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुख-सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में अनेकों प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की, कि वे नागरिक कर्तव्यों को निभाते हुए अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद करें। कार्यक्रम के दौरान एक ही लाल, भजनलाल भजनलाल और दमदार मुख्यमंत्री, दमदार फैसले जैसे नारों से पूरा पाण्डाल गुंजायमान हो उठा तथा लोगों ने अभूतपूर्व बजटीय घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का तहे दिल से स्वागत किया। इससे पहले उपस्थित आमजन ने मुख्यमंत्री को 100 मीटर लम्बा साफा पहनाया और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान जयपुर देहात (दक्षिण) से स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 17 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिले की गोगुंदा थाना पुलिस ने 17 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गोगुन्दा थानाधिकारी एवं प्रशिक्षु आई.पी.एस माधव उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र हंसाराम निवासी बेकरिया के गोगुन्दा कस्बा में स्थित किराए की दुकान से विभिन्न ब्राण्ड की 17 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस ने अभियुक्त पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### स्मैक के साथ दो गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शहर की हिरणमगरी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत स्मैक के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भरत योगी की टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त प्रकाश पुत्र शिव नारायण निवासी शांति नगर कच्ची बस्ती हाल-किरायेदार पानेरियो की मादडी व सुरेश पुत्र नारायण निवासी शांति नगर कच्ची बस्ती लाल मगरी के कब्जे से 16.60 ग्राम स्मैक जब्त कर गिरफ्तार कर लिया। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### अवैध गांजा जब्त, एक अभियुक्त गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिले के घासा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाधिकारी प्रवीण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में टीम द्वारा 4 मार्च को नारायण लाल पुत्र डालू निवासी तालाब का कुआ भानसोल थाना घासा के कब्जे से 6 किलो 590 ग्राम अवैध गांजा जब्त कर अभियुक्त को एन.डी.पी.एस. एक्ट तहत गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी 6 माह बाद गिरफ्तार



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिले की ओगणा थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में 6 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी रामावतार मीणा व उनकी टीम ने आसूचना और तकनीकी सहयोग के आधार पर बुधवार को भूपेंद्र पुत्र देवीलाल निवासी उपरेटा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार था और गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# यू डी टैक्स बकाया, निगम ने सीज की शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 25 दुकानें

**31 मार्च तक सरकारी छूट का लाभ लेवे हर हाल में जमा करवाना होगा यू डी टैक्स, वरना सीज की होगी कार्यवाही**

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** नगर निगम द्वारा लगातार यूडी टैक्स वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है, एक बार फिर से राजस्व शाखा द्वारा 1 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की सभी 25 दुकानें को सीज किया गया। नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर नगरीय विकास कर वसूलने में बुधवार को फिर बड़ी कार्यवाही करते हुए 25 दुकानों के व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स को सीज किया गया। बुधवार को प्रताप नगर स्थित कहन अपार्टमेंट जिसमें कुल 25 दुकानें निर्मित है जिसका नगरीय विकास कर कुल 8,92,252/- बकाया था जिसे सीज किया गया। इस कॉम्प्लेक्स में क्रेजी बार एवं रेस्टोरेंट, श्री जी भोजनालय, विनायक बल्क मूवर्स, सुपर हरियाणा कार्गो मूवर्श, राबड़ी भोजनालय, पथ इंटरप्राइज, कैस्ट्रॉल, वर्षा गोल्डन ट्रांसपोर्ट, के बी एसोसिएट, स्टार बेट्रि सर्विश, पंडित भोजनालय, राज इंजीनियरिंग वर्क सहित लगभग 25 दुकाने निर्मित है साथ ही अपार्टमेंट के आवासीय परिसर को भी सीज किया गया। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई। निगम ने नोटिस में अंकित किया की नगरीय विकास एंव स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 5513 दिनांक 29.00.2007 एंव अधिसूचना क्रमांक 8884 व 9356 दिनांक 24.08.2016 के तहत के वर्ष 2007 से 2023 तक उक्त संपत्ति का नगरीय विकास कर की पूरी रकम बकाया है। संबंधित फर्मों द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद का कारण भी नही बताया गया है। फर्म से कुल बकाया का नोटिस भी तामिल करवाया जा चुका था। सभी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत निगम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा की उपबंधो के अधिन यू डी टैक्स की वसूली की पूर्ती हेतु दोनों संपतियो को सीज करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी के साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। नगर निगम द्वारा यू डी टैक्स वसूली को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त राम प्रकाश ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि नगरीय विकास कर सरकार द्वारा हर हाल में वसूल किया जाएगा। 1 वर्ष पश्चात राज्य सरकार द्वारा इसमें छूट प्रदान की गई है जिसका शहरवासी लाभ लेवे। जिसे भी अपनी संपत्ति को सीज होने से बचाना है वह जल्द से जल्द नगर निगम में अपना बकाया यूडी टैक्स जमा करावे।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स जयपुर की कार्रवाई

# 25 हजार रुपये इनामी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने लूट एवं मारपीट के मामले में झुंझुनू जिले के थाना पिलानी में 2 साल से वांछित आरोपी को पकड़ा है। आरोपी अमन सिंह जाट पुत्र विजय सिंह (27) पिलानी के दुदी गांव का रहने वाला है। आरोपी जयपुर के मानसरोवर इलाके में छुपकर फरारी काट रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर झुन्झनू एसपी द्वारा 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्वांत शर्मा के पीएचक्यू से विभिन्न टीमें गैंगस्टर, वांछित बदमाशों एवं संगठित गिरोह के सदस्यों के बारे में आ सूचनाए संकलित कर रही है। एडीजी श्री एमएन ने बताया कि एएसपी श्री शर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक श्री सुभाष सिहं के नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, नरेन्द्र सिंह, कमल



सिंह, मोहन लाल, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, चालक सुरेश कुमार की टीम आसूचना संकलन कर रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्य एएसआई शंकर दयाल शर्मा व हैड कांस्टेबल कमल सिंह को पता चला कि झुन्झुनू के थाना पिलानी में वर्ष 2023 के मारपीट व लूट के प्रकरण का 25 हजार का ईनामी अमन जाट जयपुर के शिप्रापथ थाना ईलाके फरारी काट रहा है। इस पर टीम द्वारा सूचना को विकसित कर लगातार आरोपी का पीछा करती रही। काफी मशक्कत के उपरान्त आरोपी अमन को जयपुर के शिप्रापथ थाना ईलाके से डिटेन कर थाना पिलानी पुलिस की टीम को सुपुर्द किया। आरोपी के विरूद्ध मारपीट, जमीनी विवाद, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट आदि के जयपुर झुंझुनू चूरू एवं हरियाणा के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन प्रकरण दर्ज है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक जिला झुन्झुन की ओर से 25 हजार का ईनाम घोषित था उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हैड कांस्टेबल कमल सिंह व झुंझुनू आग एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल शशिकान्त की महत्वपूर्ण व विशेष भूमिका एवं हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, कमल सिंह, मोहन लाल, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, चालक सुरेश कुमार का सराहनीय सहयोग रहा है। कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह का कुशल नेतृत्व रहा है। पुलिस थाना पिलानी व एजीटीएफ झुन्झुनू की टीम से एसएचओ रणजीत सेवदा सहित हैड कांस्टेबल शशिकान्त, संदीप गांधी, कांस्टेबल पंकज, सुरेश, हरीश, अमित, योगेन्द्र शामिल थे।

# पर्यटन क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय में गंदगी और बेहाली

**उदयपुर सिटी पैलेस के पास सार्वजनिक शौचालय बदहाल, संभागीय आयुक्त ने दिए सुधार के निर्देश**

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शहर के सिटी पैलेस के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय की बदहाल स्थिति को लेकर पर्यटन विशेषज्ञ होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष और एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी से मुलाकात की और इस गंभीर समस्या से उन्हें अवगत कराया। राणावत ने उन्हें



बताया कि यह क्षेत्र हजारों देसी-विदेशी पर्यटकों की आवाजाही वाला है, लेकिन यहां की गंदगी, बहाली और दुर्गंध उदयपुर की पर्यटन छवि को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि पारंपरिक छोटे ईंट और सीमेंट के शौचालयों की जगह अल्ट्रा मॉडर्न मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएं, जो आसानी से मेंटेन किए जा सकें, ज़्यादा रख-रखाव के समय बदले जा सकें और डिजिटल पेमेंट जैसी सुविधाओं से भ्रष्टाचार मुक्त रहें। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत नगर निगम को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए और कहा कि पर्यटन नगरी उदयपुर में ऐसी मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब उम्मीद की जा रही है कि इस चर्चा के बाद नगर निगम जल्द ही सिटी पैलेस के पास शौचालयों की स्थिति में सुधार करेगा। राणावत से जुड़ी सभी अन्य संस्थाओं मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन और बीसीआई टूरिज्म ने संभागीय आयुक्त के त्वरित हस्तक्षेप के लिए उनका आभार व्यक्त किया और इसे उदयपुर के हित में एक सकारात्मक पहल करार दिया।

# रंगशाला में 'किस्से किनारों के' नाटक रविवार को

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार 9 मार्च 2025 को नाटक 'किस्से किनारों के' का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार 9 मार्च 2025 को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'किस्से किनारों के' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के निर्देशक अभिषेक गोस्वामी है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## कोटा शहर में थाना अनंतपुरा पुलिस की कार्रवाई

# हनीट्रैप गिरोह का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** कोटा शहर की अनन्तपुरा थाना पुलिस ने व्यापारियों को प्रेम जाल में फंसा कर मोटी रकम ऐंठने के मामले में हनीट्रेप गिरोह का खुलासा कर गिरोह के तीन सदस्यों चेतन जांगिड उर्फ बिड्डु पुत्र ओमप्रकाश उम्र 25 साल निवासी लाडपुरा हाल जगन विहार थाना बोरखेडा, अलत्मस खान उर्फ अल्लू पुत्र युनुस खान उम्र 20 साल एवं मुज्जमील खान पुत्र शेरखान उम्र 22 साल निवासी मोती नगर स्पेशल थाना बोरखेडा कोटा शहर को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि थाना अनन्तपुरा में चित्रगुप्त कोलोनी दादाबाडी निवासी पीड़ित प्रशान्त विजय द्वारा 3 मार्च को एक रिपोर्ट दी गई थी। जिसके अनुसार मोनिका सिंघानिया नाम की फेसबुक आईडी से उसकी 5 दिनों तक बात हुई। इसके बाद मोनिका ने उसे 25 फरवरी को कर्णेश्वर महादेव अनन्तपुरा मिलने बुलाया। मन्दिर के बीच रास्ते में चार लडको ने मुझे मेरी ही कार में किडनेप कर लिया। बदमाश दो-तीन घंटे तक कार को सुनसान इलाके में घुमाते रहे और डरा धमकाकर मुझसे फोनपे के माध्यम से 1 लाख रुपये ऑनलाइन अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। चारो बदमाश एक दूसरे को सागर उर्फ नन्नू, साजन वैष्णव, चेतन व इलत्मास खान के नाम से बुला रहे थे। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए डॉ दुहन द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के, सीओ मनीष शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा आसुचना संकलन, फेसबुक की जानकारी व बैंक एकाउन्ट की जानकारी से आरोपी चेतन जांगिड उर्फ बिड्डु, अलत्मस खान उर्फ अल्लू व मुज्जमील खान को डिटेन कर पुछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।



तरीका वारदात- विज्ञान नगर में रहने वाली अलीना नाम की युवती ने बोम्बे योजना के रहने वाले सागर अग्रवाल को मुंह बोला भाई बना रखा है। दोनो मिल कर कोटा शहर के व्यापारियो को प्रेमजाल में फंसा कर पुलिस केस का डर बताकर रुपये ऐठने का काम कर रहे थे। अलीना ने मोनिका सिंघानिया (अंशु) नाम से फेसबुक अकाउंट बना रखा है। जिससे वह लोगो से चैटिंग करती है। उन्हें अपने प्रेम जाल में फंसा कुछ दिन चैटिंग करने के बाद अलीना व्यापारी को सुनसान जगह पर मिलने के लिए बुलाती। व्यापारी प्रेमजाल में फंस कर मिलने चला जाता तो वह सागर उर्फ नन्नू व उसके साथियों को बुलाकर व्यापारी को बलात्कार का आरोप लगाने का बोल कर बंधक बना लेते। फिर उसके पास रखी नकदी व एकाउन्ट मे जो भी रकम होती थी वह निकाल लेते थे। आरोपी व्यापारी के मोबाईल से अपनी चैटिंग भी डिलिट कर बाद में छोड देते थे। इसी अलीना ने उघोग नगर इलाके में भी इसी तरह की वारदात की। आकांशा सिघांनिया बन कर फेसबुक पर चैटिंग कर व्यापारी राजकुमार अग्रवाल से 45000 रुपये एकाउन्ट में ट्रांसफर करवा लिए थे, वारदात के बाद अलीना फरार हो गई। अलीना का मुंह बोला भाई सागर अग्रवाल लिव इन रिलेशन में रहनुम्मा नाम की लड़की से है।

इनके द्वारा वर्ष 2024 में महावीर नगर में कैथुन निवासी सद्दाम के विरुद बलात्कार का, थाना अनन्तपुरा में सागोद निवासी आदिल मिर्जा व आरीफ मिर्जा के विरुद प्रकरण दर्ज करवाया जिसमें बाद में कोर्ट में राजीनामा कर लिया। एसपी डॉ दुहन ने अपील की है कि कोटा शहर में इस लडकी द्वारा ओर कही भी वारदात कर किसी व्यापारी को शिकार बनाया है तो पीडित व्यापारी पुलिस में शिकायत दर्ज करवा सकते है। इस कार्रवाई में एसएचओ भूपेन्द्र सिंह सहित, एएसआई सुरेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश, कांस्टेबल दिनेश, पुष्पेन्द्र, फरसाराम व बुधाराम शामिल थे।

### सांसद श्रीमती महिमा मेवाड़ की पहलः ड्रोन सखी की तर्ज पर महिलाओं को बनाएंगे सोलर सखी

# प्रधानमंत्री सूर्यघर निःशुल्क बिजली योजना में अधिकाधिक लोगों को जोड़ने में जुटी सांसद मेवाड़

● पदमावत मीडिया



**राजसमंद।** सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना में संसदीय क्षेत्र को अग्रणी लाने और अधिकाधिक लोगों को इस योजना में लाभान्वित करने हेतु प्रयास शुरू कर दिए हैं सांसद ने गुरुवार को अपने कार्यालय में जिला कलक्टर श्री बालमुकुंद असावा, स्वनिधि फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ योजना के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की और इसके पश्चात एवीवीएनएल एवं भाजपा मण्डल अध्यक्षों के साथ इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार, चुनौतियों के समाधान और उपायों पर चर्चा की। इस दौरान स्वनिधि फाउंडेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे जिन्होंने योजना में लोगों को जोड़ने के लिए कई सुझाव दिए। सांसद ने कहा कि क्यों न ड्रोन सखी की तर्ज पर जिले में सोलर सखी तैयार हो। ये सोलर सखी महिलाएं प्रशिक्षित हो और घर-घर जाकर लोगों को पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना में लाभान्वित करें जिससे न सिर्फ इन महिलाओं का सशक्तिकरण हो बल्कि आमजन को भी योजना का समुचित लाभ मिल सके। जिला कलक्टर ने बैठक में कहा कि विभागों के मध्य समन्वय सुनिश्चित कर योजना का बेहतर क्रियान्वयन करेंगे। इसी तरह बैठक में जिले में एक स्किल सेंटर विकसित करने पर चर्चा हुई जहां अलग-अलग तरह की स्किल सीखते हुए युवा स्वरोजगार पा सकें।

#### 78 हजार तक की मिलती है सब्सिडी

सांसद ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य देश में हर घर को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से जोड़ना है। इस योजना के तहत सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के गरीब और निम्न-आय वर्ग के परिवारों को सोलर पैनल उपलब्ध कराती है, जिससे वे अपने घरों की बिजली की आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। इस योजना के तहत घर पर सोलर पैनल लगाने पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है।

## ऋषभदेव से अलग कर पृथक कल्याणपुर पंचायत समिति की मांग

### जिला कलेक्टर तथा भाजपा नेताओं को सौंपे ज्ञापन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** प्रदेश में इन दिनों पंचायतों के पुनर्गठन का कार्य प्रगति पर है, ऐसे में विभिन्न इलाकों में आवश्यकतानुसार नवीन ग्राम पंचायतों एवं प्रशासनिक इकाइयों के गठन की मांग आमजन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के ऋषभदेव उपखण्ड के तहत ग्राम पंचायत कल्याणपुर एवं आसपास क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं आमजन ने जिला कलेक्टर नमित मेहता तथा भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश मंत्री सहकारिता प्रकोष्ठ आदि से मुलाकात कर ऋषभदेव पंचायत समिति से पृथक कल्याणपुर नवीन पंचायत समिति गठित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। समाजसेवी पन्नालाल मीणा ने बताया कि कल्याणपुर पंचायत समिति गठन हेतु प्रत्येक मापदंड पूर्ण हो रहा है साथ ही समय के साथ आबादी बढ़ने के चलते एवं प्रशासनिक इकाइयों की आमजन तक सुलभ पहुँच हेतु कल्याणपुर पंचायत समिति का गठन किया जाना नितांत आवश्यक है तथा क्षेत्र की जनता हेतु लाभकारी होगा। मीणा ने बताया कि जिला कलेक्टर नमित मेहता तथा भाजपा नेता एवं प्रदेश मंत्री सहकारिता प्रकोष्ठ प्रमोद सामर समेत सभी ने ज्ञापन एवं स्थानीय आमजन की भावनाओं के मद्देनजर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इससे पूर्व भाजपा देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली एवं पूर्व अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान को भी ज्ञापन सौंपा गया इस दौरान पूर्व सरपंच मंशाराम परमार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष देवीलाल मीणा, ईश्वर लाल मीणा मण्डल अध्यक्ष,नाहर सिंह मीणा मण्डल महामंत्री, शंकर लाल सरपंच बरना आदि मौजूद रहे।

## युगधारा का प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मान नेपाल में पुष्पा जोशी एवं रेणु शुक्ला को युगधारा अंतरराष्ट्रीय साहित्य गौरव सम्मान 2025







● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** युगधारा साहित्यिक सांस्कृतिक एवं वैचारिक मंच द्वारा वैश्विक स्तर पर साहित्य सृजन एवं हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु युगधारा अंतराष्ट्रीय साहित्य गौरव सम्मान 2025 काठमांडू, नेपाल में हुए 24वें अंतराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में दो सृजन धर्मियों को प्रदान किया गया। युगधारा के संस्थापक ज्योतिपुंज ने बताया कि ट्रू मीडिया दिल्ली की सहसंपादक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ पुष्पा जोशी एवं विश्वविद्यालय देहरादून की व्याख्याता वरिष्ठ साहित्यकार, इतिहासकार डॉ रेणु शुक्ला को युगधारा का यह प्रथम अंतराष्ट्रीय साहित्य गौरव सम्मान 2025 प्रदान किया गया। यह सम्मेलन सृजन सम्मान बहुआयामी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था रायपुर, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित किया गया। सृजन सम्मान संस्था के समन्वयक जयप्रकाश मानस ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव थे। अध्यक्षता अंबिका दत्त चतुर्वेदी ने की, विशिष्ट अतिथि नेपाल के साहित्यकार भीष्म उप्रेती रहे एवं सम्मेलन की अध्यक्ष डॉ सविता मोहन मंच पर उपस्थित रही। मंच पर डॉ मंगला रानी, डॉ सुनीति आचार्य, कृष्ण कुमार प्रजापति एवं नेपाल के साहित्यकार चंद्र प्रकाश उपाध्याय भी मंच पर विराजित रहे। सृजन सम्मान के समन्वयक जयप्रकाश मानस ने बताया कि युगधारा का यह सम्मान इस संस्था से प्रदान किया जाना अत्यंत हर्ष का विषय है। युगधारा अध्यक्ष किरण बाला किरन जो कि अंतराष्ट्रीय सम्मेलन की संचालक एवं अकादमिक प्रमुख हैं, इनके प्रयासों से यह संभव हो पाया कि विदेश की धरती पर युगधारा की अजस्र धारा प्रवाहित हो रही है। सम्मान प्राप्त करने वाली दोनों साहित्यकार अपने क्षेत्र की उत्कृष्ट रचनाकार हैं। कई वैदेशिक मंचों पर पर सक्रियता से अपनी भूमिका का निर्वहन करती हैं। इनके कई शोध पत्र प्रकाशित है एवं कई सम्मानों से सम्मानित है।

## 6 को ग्राम, 12 को उपखंड और 20 को होगी जिला स्तरीय जनसुनवाई

● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** आमजन की समस्याओं के निस्तारण हेतु ग्राम, उपखंड एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई का कार्यक्रम जारी किया गया है। सहायक निदेशक लोक सेवाएं बृजेश गुप्ता ने बताया कि प्रथम गुरुवार 6 मार्च को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई, द्वितीय गुरुवार को राजकीय अवकाश होने से बुधवार 12 मार्च को (अटल जन सेवा शिविर ) ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई एवं 20 फरवरी को जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। आमजन जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हो सकते हैं।

#### ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

**प्रतापगढ़।** जिले में जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं त्वरित समाधान के लिए मुख्य सचिव द्वारा त्रिस्तरीय व्यवस्था बनाई जाकर नवीन दिशा-निर्देश जारी किए है। लोक सेवाऐं के सहायक निदेशक ने बताया कि माह मार्च 2025 में प्रथम गुरुवार 6 मार्च, को प्रातः 11 से 2 बजे तक ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित भारत निमार्ण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई कार्यक्रमों में जिला कलक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि आदि भाग लेंगे।

### मेलोडी क्वीन कार्यक्रम के लिए महिलाओं में अपार उत्साह

## सुरों की महिला मंडली की तैयारियां अंतिम चरण मेंः मुकेश माधवानी

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** सुरों की मण्डली द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को मेलोडी क्वीन की थीम पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम अनूठा कार्यक्रम होगा, जिसमे संगीत के अलावा फन और मनोरंजन होगा। संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि इस अनूठे संगीतमय कार्यक्रम के लिए महिलाओं में भारी उत्साह है ।कार्यक्रम दो राउंड में होगा । प्रथम राउंड कराओके ट्रैक पर एकल/युगल गीत एवं दूसरा राउंड म्यूजिकल क्विज़ का होगा। महिलाएं पहली बार मंच पर अपनी प्रस्तुति के लिए रोज अभ्यास कर रही है। कार्यक्रम संयोजक वीनू वैष्णव ने जानकारी दी कि अभी तक 45 महिलाओं द्वारा अपना पंजीयन करवाया है। जिन्हें श्रेष्ठ प्रस्तुति हेतु गिफ्ट वाउचर दिये जाएंगे । मुख्य कार्यक्रम में माला माधवानी, डॉ. पामिल मोदी,विजय लक्ष्मी गलुण्डिया, दीपा साबला,निधि सक्सेना, अंकिता वैष्णव ,कविता कुमावत,मेघना जैन, रश्मि अजितजी अतिथि के रूप में शिरकत करेगी । संयोजक डॉ. अनिता सिंघी ने बताया कि कार्यक्रम आयोजन से संबंधित जिम्मेदारी दी गई है। जिसमे न्यूज़ एवं सोशल मीडिया के साथ सम्पूर्ण प्रबंधन वीनू वैष्णव, ट्रैक संकलन एवं संचालन अनिता सिंघी,मंच सज्जा एवं साउंड प्रेमलता कुमावत,फ्लैक्स एवं डिजाइनिंग वीनू वैष्णव एवं रितुल,मंच संचालन गरिमा माथुर एवं वीनू वैष्णव देखेंगे। गिफ़्ट वाउचर प्रभात हेयर सैलून एवं एनआईसीसी ब्यूटी सैलून द्वारा प्रायोजित किये गए है।

## विज्ञान समिति नवाचार महिला प्रकोष्ट का दो दिवसीय ओसियां भ्रमण आयोजित




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** विज्ञान समिति नवाचार महिला प्रकोष्ट की सखियों ने संरक्षक श्रीमती पुष्पा कोठारी के नेतृत्व में 3 व 4 मार्च को ओसियां जी स्नेह भ्रमण का आनंद लिया । मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया की प्रकोष्ट की 40 महिलाओ ने इस यादगार भ्रमण मैं 3 मार्च को रणकपुर जैन मंदिर, रणकपुर डेम, ओशिया रिसोर्ट ,जीप सफारी, ऊंट सफारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया वही 4 मार्च को ओसियां माताजी के दर्शन, जैन मंदिर, जोधपुर मंडोर गार्डन का भ्रमण किया इस भ्रमण की व्यवस्था व संचालन में अध्यक्षा संगीता भनावत, आभा झवर, आशा कोठारी,आशा सिसोदिया, मंजुला शर्मा, कविता ख़िमावत का विशेष योगदान रहा।

### अबू आजमी के बयान पर बरसे मुख्यमंत्री योगी, कहा-

# औरंगजेब को आदर्श मानने वाले को यूपी भेजिए, ढंग से इलाज कर देंगे

● पदमावत मीडिया

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अबू आजमी के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोहिया से ज्यादा औरंगजेब समाजवादी पार्टी के आदर्श हैं। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी को मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाली उनकी हालिया टिप्पणी पर विवाद के बीच महाराष्ट्र विधानसभा से पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के औरंगजेब पर दिए गए बयान परयोगी आदित्यनाथ ने कहा कि उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेजो, हम उसका इलाज करेंगे। योगी ने कहा कि जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत पर शर्म महसूस करता हो, गर्व करने की बजाय औरंगजेब को अपना आदर्श मानता हो, क्या उसे हमारे देश में रहने का अधिकार है? उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए। एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं। दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट कर दिया। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उनके बयान की निंदा क्यों नहीं की? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेजो, हम उसका उपचार करेंगे। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि अमित मालवीय को चीजों को संपादित करने की आदत है। इसमें कितना सही है और कितना गलत ये तो मणिशंकर ही बता सकते हैं। लेकिन सवाल यह नहीं है कि राजीव गांधी पास हुए या फेल।

> योगी ने कहा कि जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत पर शर्म महसूस करता हो, गर्व करने की बजाय औरंगजेब को अपना आदर्श मानता हो, क्या उसे हमारे देश में रहने का अधिकार है? उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए।



### 'छावा' में संभाजी की बहादुरी को दिखाया इतिहासकारों ने उन्हें उचित स्थान नहीं दिया



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि फिल्म 'छावा' छत्रपति संभाजी महाराज की बहादुरी और बुद्धिमत्ता को दर्शाती है और इतिहासकारों ने उन्हें उचित स्थान नहीं दिया। प्रदेश सरकार में मंत्री अदिति तटकरे द्वारा आयोजित फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग में संवाददाताओं से बातचीत में फडणवीस ने फिल्म को 'बहुत अच्छी' बताया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म योद्धा राजा के जीवन और कालखंड की जानकारी देती है। विक्की कौशल अभिनीत यह फिल्म मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। इस बीच, समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी को मुगल शासक औरंगजेब के प्रशंसा में की गई उनकी टिप्पणी के लिए बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा से बजट सत्र के समाप्त होने तक निलंबित कर दिया गया। औरंगजेब ने ही संभाजी महाराज को यातना देने और उन्हें फांसी देने का आदेश दिया था।

### उद्धव ठाकरे ने अबू आजमी के स्थायी निलंबन की मांग की

ठाकरे ने अपने निलंबन पर आपत्ति जताने वाले विधायक अबू आजमी का समर्थन करने के लिए यूपी के पूर्व सीएम और एसपी प्रमुख अखिलेश यादव की भी आलोचना की। उन्होंने अखिलेश यादव से कहा कि अगर वे चाहें तो आजमी को यूपी से चुनाव लड़वा दें, क्योंकि पूरे महाराष्ट्र ने उनके बयान पर आपत्ति जताई है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने औरंगजेब के संबंध में अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी की आलोचना की और राज्य विधानसभा से उनके स्थायी निलंबन की मांग की। उन्होंने कहा कि उन्हें स्थायी रूप से निलंबित किया जाना चाहिए। यह सिर्फ बजट सत्र के लिए नहीं होना चाहिए, निलंबन स्थायी होना चाहिए।

# पीएमसीएच में मेडिकल एजुकेशन टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला आयोजित

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 3 से 5 मार्च 2025 तक मेडिकल शिक्षकों के लिए 'मेडिकल एजुकेशन टेक्नोलॉजी' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) के पर्यवेक्षक एवं नोडल सेंटर की सह-समन्वयक डॉ.अपराजिता शुक्ला, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष,कम्युनिटी मेडिसिन, एसएमटी. एनएचएलएमएमसी, अहमदाबाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। 3 से 5 मार्च 2025 तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल,पीएमसीएच के डीन डॉ.यू.एस. परिहार एवं सर्जरी विभाग के प्रोफेसर,एमईयू समन्वयक एवं कार्यशाला समन्वय डॉ.गौरव वधावन द्वारा किया गया। कार्यशाला समन्वय डॉ.गौरव वधावन ने बताया कि इस कार्यशाला में कुल 30 प्रतिभागियों (फैकल्टी मेंबर्स) ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य मेडिकल शिक्षकों को नई 'कम्पीटेंसी बेस्ड मेडिकल एजुकेशन' (सीबीएमई) प्रणाली के अनुरूप प्रशिक्षित करना था जिससे वे मेडिकल छात्रों को नवीनतम शिक्षण विधियों से प्रशिक्षित कर सकें। जो कुशल होंगे और वैश्विक मानकों के अनुरूप हमारे देश की सेवा करने में सक्षम होंगे। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में कॉलेज के अनुभवी एवं विशेषज्ञ फैकल्टी सदस्यों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिए गए। इस दौरान मेडिकल शिक्षा में नवीन तकनीकों, दक्षताओं पर आधारित पाठ्यक्रम, आकलन एवं मूल्यांकन पद्धतियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए प्रतिभागियों एवं फैकल्टी सदस्यों ने पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के प्रशासन एवं मेडिकल एजुकेशन यूनिट(एमईयू) की सराहना की।

## कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत 24.60 लाख के तीरंदाजी रेन्ज तथा 23 लाख रुपए लागत के चिकित्सा उपकरण भेंट

● पदमावत मीडिया




**डूंगरपुर।** केन्द्रीय भण्डारण निगम के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत जिले में 24.60 लाख के तीरंदाजी रेन्ज तथा 23 लाख के चिकित्सकीय उपकरणों में एक सोनोग्राफी मशीन, सी बी सी मशीन व 20 ईसीजी मशीन भेंट किए गए। बुधवार को जिला कलेक्टर सभागार में एचआर सीडब्ल्यूसी निदेशक श्रीमती संगीता राम रखयानी के मुख्य अतिथि एवं जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में केंद्रीय भंडारण निगम भारत सरकार द्वारा राशि 23 लाख के चिकित्सकीय उपकरणों में एक सोनोग्राफी मशीन, सी बी सी मशीन व 20 ईसीजी मशीन जिले के चिकित्सा विभाग को भेंट किये गये। इसी क्रम में सी एस आर अंतर्गत प्राप्त राशि के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 24.60 लाख के तीरंदाजी रेंज भेंट किए गए। खेल अधिकारी नरेश कुमार डामोर ने अतिथियों को बुके भेंट कर एवं उपरणा ओढाकर स्वागत किया गया। निदेशक (एचआर) सीडब्ल्यूसी निदेशक श्रीमती संगीता राम रखयानी ने उपस्थित खेल प्रतिभाओं को कहा कि अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य को साकार करने के लिए लगातार अभ्यास करें और देश नाम रोशन करें। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि यह तीरंदाजी रेंज खिलाडियों को अपने हुनर को निखारने का एक बेहतरीन अवसर देगी और राष्ट्रीय और अतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त कर देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर तीरंदाजी खेल प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वैभव पाठक ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक सीडब्ल्यूसी प्रिंस कुमार, वरिष्ठ लेखाअधिकारी तुलसीराम गुर्जर सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### हाईवे पर पलटा संतरों से भरा ट्रक, उठा ले गए राहगीर, एमपी से बिहार शरीफ जा रहे थे



● पदमावत मीडिया

**झांसी एजेंसी।** हादसे के बाद सड़क पर संतरे फैल गए जिन्हें लोग उठाकर ले गए। झांसी-शिवपुरी हाईवे पर रक्सा के सिजवाहा गांव के पास यह ट्रक पलटा है। मध्य प्रदेश के सारंगपुर से संतरे लेकर बिहार शरीफ जा रहा ट्रक बुधवार को सुबह करीब 11 बजे झांसी-शिवपुरी हाईवे पर रक्सा के सिजवाहा गांव के पास पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर संतरे फैल गए जिन्हें लोग उठाकर ले गए। हादसे में कानपुर देहात निवासी चालक शैलेंद्र और सहायक शिवदास चोटिल हो गए। दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। कानपुर देहात के भोगनीपुर स्थित ग्राम हलदर निवासी चालक शैलेंद्र (24) पुत्र मोहर सिंह ने बताया कि वह बुधवार को अलसुबह मध्य प्रदेश के सारंगपुर से संतरे लेकर निकला था। उसके साथ भोगनीपुर के ग्राम बिरोवा निवासी सहायक शिवदास (23) पुत्र कालीचरण था। उन्हें संतरे बिहार शरीफ पहुंचाने थे। सुबह करीब 11 बजे झांसी-शिवपुरी हाईवे पर रक्सा के सिजवाहा गांव के पास ट्रक के सामने अचानक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के लिए तुरंत ट्रक मोड़ा तो वह असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में मुझे और शिवदास को चोटें आईं, वहीं ट्रक में लदे संतरे सड़क पर फैल गए। राहगीर उन्हें उठाकर ले जाने लगे। दोनों चोटिल लोगों को इलाज के लिए एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हादसे के बाद थोड़ी देर के लिए यातायात भी बाधित हुआ जिसे पुलिस ने सुचारू कराया।

### अवैध बांग्लादेशियों की सहायता करने वालों पर भी होगी एफआईआर



● पदमावत मीडिया

**दिल्ली।** में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों का पता कर उन्हें वापस बांग्लादेश डिपोर्ट करने का अभियान जोरशोर से शुरू किया गया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने सभी जिला पुलिस उपायुक्त को अवैध रूप से रह रहे बांग्लदेशियों का पता लगाकर उन्हें डिपोर्ट करने के सख्त आदेश दिए गए हैं। अब अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की सहायता करने वाले पर ही एफआईआर होगी। दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों का पता कर उन्हें वापस बांग्लादेश डिपोर्ट करने का अभियान जोरशोर से शुरू किया गया है। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने सभी जिला पुलिस उपायुक्त को अवैध रूप से रह रहे बांग्लदेशियों का पता लगाकर उन्हें डिपोर्ट करने के सख्त आदेश दिए गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्रालय की दिल्ली पुलिस अधिकारियों, दिल्ली की मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों के साथ हुई बैठक को लेकर सख्त आदेश दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा के लिए हुए चुनावों के चलते अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान ठप पड़ गया था। विधानसभा चुनावों से पहले दिल्ली पुलिस अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान करने के लिए विशेष मुहिम चला रही थी।

# पीजीआई में इसी साल से होगा गुर्दा प्रत्यारोपण, किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के लिए मिले 1.43 करोड़ रुपये

● पदमावत मीडिया

**कानपुर एजेंसी।** मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि केंद्र ने धनराशि नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम (एनओटीपी) के तहत आवंटित की है। किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के उपकरण आदि के लिए केंद्र की संस्था हाइट्स को जिम्मेदारी देने की योजना है। गुर्दा रोगियों के लिए राहत भरी खबर है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मल्टी सुपर स्पेशियलिटी एंड पीजीआई इंस्टीट्यूट में इसी साल से गुर्दा प्रत्यारोपण होने लगेगा। इससे गुर्दा रोगियों को दिल्ली, लखनऊ नहीं भागना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने पीजीआई की किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के लिए एक करोड़ 43 लाख की धनराशि जारी कर दी है। इससे ट्रांसप्लांट में इस्तेमाल होने वाले उपकरण आएंगे। पीजीआई के नेफ्रोलॉजी विभाग में इस समय तीन गुर्दा रोग विशेषज्ञ हैं। साथ ही 30 बेड का वार्ड संचालित हो रहा है। विभाग में डायलिसिस यूनिट चल रही है। किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के लिए जरूरी आधी सुविधाएं पहले से ही विभाग में उपलब्ध हैं। अब गुर्दा प्रत्यारोपण कराने वाले रोगियों के लिए अलग से आईसीयू की व्यवस्था की जाएगी। ऐसे रोगियों को संक्रमण से बचाव के लिए विशेष व्यवस्था रहती है।

**विभाग के पास 30 बेड का वार्ड है:**-गुर्दा रोग विभागाध्यक्ष डॉ. युवराज गुलाटी ने बताया कि एक तिहाई रोगी ऐसे होते हैं जिन्हें गुर्दा प्रत्यारोपण की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि विभाग में अभी 10 रोगियों की प्रतिदिन डायलिसिस हो रही है। पीजीआई में भर्ती होने वाले रोगियों की ही डायलिसिस होती है। ओपीडी में प्रतिदिन औसत 50-60 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण होता है। विभाग के पास 30 बेड का वार्ड है।


**एनओटीपी के तहत आवंटित की है धनराशि:**-उन्होंने बताया कि क्रोनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) के स्टेज-5 के एक तिहाई रोगी रहते हैं। इन रोगियों को ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ती है। शहर के अलावा आसपास के जिलों




के गुर्दा रोगी इलाज के लिए विभाग में आते हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि केंद्र ने धनराशि नेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट प्रोग्राम (एनओटीपी) के तहत आवंटित की है। किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट के उपकरण आदि के लिए केंद्र की संस्था हाइट्स को जिम्मेदारी देने की योजना है। इसी साल से गुर्दा प्रत्यारोपण होने लगेगा।

**गर्मी और सर्दी में बढ़ जाते 20 फीसदी गुर्दा रोगी:**-हर साल गर्मी और सर्दी के मौसम में 20 फीसदी गुर्दा रोगी बढ़ जाते हैं। गर्मी में डिहाइड्रेशन और डायरिया की वजह से गुर्दों में खराबी आती है और जाड़े में एकदम से ब्लड प्रेशर बढ़ने की वजह से गुर्दा फेल होता है। इस दौरान हैलट इमरजेंसी में औसत आठ रोगी गुर्दे की दिक्कत लेकर आते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इनमें 15 फीसदी रोगियों की डायलिसिस करानी पड़ती है। एक्यूट रीनल फेल्योर के रोगी दो सप्ताह इलाज से ठीक हो जाते हैं लेकिन क्रोनिक रीनल फेल्योर (सीआरएफ) के रोगियों का गुर्दा सुधरता नहीं है। बाद में किडनी ट्रांसप्लांट की नौबत आ जाती है।

## अयोध्या में अवैध चिकन और मटन शॉप पर चला प्रशासन का हंटर, दो दुकानें सील, फरार हुए मांस विक्रेता



● पदमावत मीडिया

**लखनऊ एजेंसी।** अयोध्या शहर में अवैध रूप से चल रहीं चिकन और मटन शॉप पर बुधवार को जिला प्रशासन ने अपना हंटर चलाया। जिला प्रशासन को शिकायत मिल रही थी कि शहर में कुछ ऐसे लोग हैं जो बिना लाइसेंस के चिकन और मटन शॉप चला रहे हैं। यही नहीं मांस को काटकर उसकी गंदगी सड़क पर फैला रहे हैं। एसडीएम सदर विकास धर दुबे और सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चंद्र सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शहर के फतेहगंज क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान अवैध रूप से चल रही मटन और चिकन की दो दुकानों को सील कर दिया जबकि तीन दुकानदार दुकान बंद करके फरार हो गए।

एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने सभी को हिदायत दी कि जिनको भी चिकन और मटन शॉप चलानी है, वह खाद्य विभाग से लाइसेंस जरूर लें, तभी दुकान खोलें। फरार हुए दुकानदारों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। वहीं, गंदगी फैलाने को लेकर नगर निगम के कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह यदि गंदगी देखें तो मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## पहले हाथ मिलाया...फिर बाइक सवार दबंगों ने युवक पर चलाई गोली

**ऊधम सिंह नगर एजेंसी।**

रुद्रपुर में बाइक सवार युवकों ने एक युवक पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली युवक के जांघ में लगी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। रुद्रपुर थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बाइक सवार युवकों ने एक युवक पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली युवक के जांघ में लगी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार की रात ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के शिवनगर निवासी 20 साल के अंकित सागर घर से 100 मीटर दूर जा रहा था। तभी बाइक पर सवार तीन युवक उसके पास पहुंचे। पहले उन्होंने अंकित से हाथ मिलाया फिर एक युवक ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया।

## पुलिस से मुठभेड में दो पशु तस्कर गिरफ्तार, दोनों के पैर में लगी गोली, अस्पताल ले जाया गया

● पदमावत मीडिया

**मिर्जापुर एजेंसी।** पुलिस से मुठभेड में दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के पैरों में गोली लगी है और अस्पताल ले जाया गया है। राजगढ़ क्षेत्र के सेमरी जंगल में मुठभेड़ हुई। जानकारी के अनुसार आरोपी बिहार के निवासी हैं। इनके पास से 12 मवेशी और दो तमंचे के साथ कारतूस बरामद किए गए।

राजगढ़ पुलिस और एसओजी टीम ने बुधवार को सेमरी जंगल में मुठभेड़ के दौरान दो अंतरराज्यीय पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पैरों में गोली लगी है। घायल तस्करों को राजगढ़ सीएचसी से ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। आरोपियों के पास से दो तमंचे, कारतूस के साथ 12 मवेशी बरामद किए गए हैं। राजगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेमरी जंगल से तस्कर मवेशियों को लेकर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस और



एसओजी की टीम ने सेमरी जंगल में घेरेबंदी की। कुछ देर बाद जंगल में पहुंचे तस्करों को पुलिस ने रुकने के लिए कहा कि वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो तस्कर फायरिंग करने लगे। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे दोनों तस्कर घायल हो गए। आरोपी राकेश चौहान के दाएं और महेंद्र चौहान के बाएं पैर में गोली लगी। दोनों तस्कर हमीरपुर, थाना चांद, जनपद भभुआ बिहार, निवासी हैं। एएसपी आपरेशन ओपी सिंह ने बताया कि पुलिस टीम से मुठभेड़ में दो पशु तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। घायल तस्करों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उनके पास से दो तमंचे, दो कारतूस और 12 मवेशी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि महेंद्र पर चार और राजेश चौहान पर दो मुकदमें दर्ज हैं।

## जस्टिन ट्रूडो ने टैरिफ वॉर को बताया मूर्खतापूर्ण, ट्रंप पर लगाया व्लादिमीर पुतिन को खुश करने का आरोप

● पदमावत मीडिया

**वाशिंगटन एजेंसी।** क्रोधित ट्रूडो ने कहा कि आज संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने सबसे करीबी साथी और सहयोगी, अपने सबसे करीबी दोस्त कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू किया। साथ ही वे झूठ बोलने वाले, हत्यारे तानाशाह व्लादिमीर पुतिन को खुश करते हुए रूस के साथ सकारात्मक रूप से काम करने की बात कर रहे हैं। इसका मतलब समझो। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी टैरिफ को बहुत मूर्खतापूर्ण कहा और दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू करते हुए रूस को खुश कर रहे हैं। कार्यालय में अपने अंतिम दिनों के दौरान एक स्पष्ट संवाददाता सम्मेलन में, ट्रूडो ने कहा कि ट्रम्प के 25 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में कनाडा 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ लगाएगा। क्रोधित ट्रूडो ने कहा कि आज



संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने सबसे करीबी साथी और सहयोगी, अपने सबसे करीबी दोस्त कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू किया। साथ ही वे झूठ बोलने वाले, हत्यारे तानाशाह व्लादिमीर पुतिन को खुश करते हुए रूस के साथ सकारात्मक रूप से काम करने की बात कर रहे हैं। इसका मतलब समझो। ट्रम्प ने वाशिंगटन के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ टैरिफ लगाया, मेक्सिको, कनाडा और चीन से तत्काल प्रतिशोध लिया और वित्तीय बाजारों को संकट में डाल दिया। आधी रात के ठीक बाद, ट्रम्प ने मैक्सिकन और कनाडाई आयात पर 25 प्रतिशत कर या टैरिफ लगा दिया, हालांकि उन्होंने कनाडाई ऊर्जा पर लेवी को 10 प्रतिशत तक सीमित कर दिया। ट्रूडो ने गुस्से में आरोप लगाया कि ट्रंप कनाडाई अर्थव्यवस्था का पूरी तरह पतन चाहते हैं, क्योंकि इससे कनाडा को अमेरिका में मिलाना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा, ऐसा कभी नहीं होने वाला है। हम कभी भी 51वें राज्य नहीं बनेंगे। बाद में मंगलवार को अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने नरमी के संकेत देते हुए कहा कि शुल्क को रोका नहीं जाएगा। लेकिन ट्रंप कुछ समझौता कर लेंगे।

## हवाई में ज्वालामुखी से लावा फूटा, 150 फुट से ज्यादा ऊंचाई तक पहुंचा



● पदमावत मीडिया

**वाशिंगटन एजेंसी।** बिग आइसलैंड के 'हवाई वोलकेनोज़ नेशनल पार्क' में स्थित विश्व के सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक 'किलाउआ' के शिखर पर 23 दिसंबर से विस्फोट होना शुरू हुआ। मंगलवार को 12वां विस्फोट हुआ। अमेरिका के हवाई में मंगलवार को ज्वालामुखी से लावा फूटा और 150 फुट से ज्यादा ऊंचाई तक गया। रुक-रुक कर हो रहे विस्फोट के कारण लावे के और ऊंचाई तक जाने की आशंका है। बिग आइसलैंड के 'हवाई वोलकेनोज़ नेशनल पार्क' में स्थित विश्व के सर्वाधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक 'किलाउआ' के शिखर पर 23 दिसंबर से विस्फोट होना शुरू हुआ। मंगलवार को 12वां विस्फोट हुआ। हवाई ज्वालामुखी वेधशाला ने कहा कि सुबह हल्के प्रवाह के साथ लावा निकलना शुरू हुआ लेकिन दोपहर में इसमें तेजी आई। लावा 150 से 165 फुट तक की ऊंचाई तक गया और इसके और ऊंचाई पर जाने की आशंका है। विस्फोट से किसी भी आवासीय क्षेत्र को खतरा नहीं है।

# अमेरिका-यूक्रेन के बीच खनिज समझौते पर होंगे हस्ताक्षर

## डोनाल्ड ट्रंप बोले- उन्हें ज़ेलेंस्की से एक पत्र मिला है

● पदमावत मीडिया

**वाशिंगटन एजेंसी।** ट्रंप ने कहा कि मंगलवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की का प्राप्त एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि युद्ध प्रभावित देश के राष्ट्रपति पुनः वार्ता की मेज पर आना चाहते हैं। अपने घंटों लंबे भाषण के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्हें यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से एक पत्र मिला है, जिसके कुछ ही दिनों बाद सार्वजनिक रूप से उनकी आलोचना की गई थी और यूक्रेन को अमेरिकी सहायता निलंबित कर दी गई थी। ज़ेलेंस्की ने अपने पत्र में एक खनिज सौदे पर बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की, जिससे दोनों देशों को काफी फायदा हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि मंगलवार को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की का प्राप्त एक पत्र मिला है जिसमें कहा गया है कि युद्ध प्रभावित देश के राष्ट्रपति पुनः वार्ता की मेज पर आना चाहते हैं। दरअसल, पिछले हफ्ते 'ओवल ऑफिस' में जेलेंस्की की ट्रंप के



साथ तीखी नोकझोंक हुई थी जिसके बाद रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते के लिए वार्ता को विफल माना जा रहा था। ट्रंप ने कहा, हमने रूस के साथ गंभीर चर्चा की है और हमें इस बात के मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं।÷ पिछले शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक विवादास्पद बैठक के बाद इस सौदे को रोक दिया गया था, जिसमें ज़ेलेंस्की को अचानक छोड़ दिया गया था।

उस बैठक के दौरान, ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ज़ेलेंस्की को चेतावनी देते हुए सुझाव दिया कि उन्हें मीडिया के सामने अतिरिक्त सहायता मांगने के बजाय अमेरिकी समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना चाहिए। ट्रंप ने कहा था,आप तीसरे विश्व युद्ध के साथ जुआ खेल रहे हैं। ट्रंप ने अपने भाषण में यह भी कहा,मैं भी यूक्रेन में क्रूर संघर्ष को ख़त्म करने के लिए अथक प्रयास कर रहा हूं. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर हफ्ते हजारों रूसी और यूक्रेनियन मारे जा रहे हैं और उन्होंने संघर्ष को रोकने की इच्छा व्यक्त की, उन्होंने अलंकारिक रूप से पूछा, ÷क्या आप चाहते हैं कि यह अगले पांच वर्षों तक चलता रहे।

उन्होंने यूक्रेन को सहायता देने की तुलना में रूसी तेल पर अधिक खर्च करने के लिए यूरोप की आलोचना की और इसकी तुलना यूक्रेन को अमेरिका द्वारा दी जाने वाली सैकड़ों अरबों डॉलर की सहायता से की। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने यूक्रेन पर 300 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए हैं जबकि यूरोप ने 100 अरब डॉलर खर्च किए हैं। पिछले हफ्ते की बैठक के नतीजों के बावजूद, अमेरिकी अधिकारी कीव में अपने समकक्षों के साथ संपर्क में हैं, उन्हें खनिज सौदे पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और ज़ेलेंस्की के सलाहकारों को यूक्रेनी राष्ट्रपति को ट्रम्प से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए मनाने की सलाह दे रहे हैं, जैसा कि रॉयटर्स ने स्थिति से परिचित सूत्रों का हवाला देते हुए बताया है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के क्रियान्विति बैठक आयोजित

# धरती आबा अभियान के तहत कई उल्लेखनीय कार्य हो रहे है, इसीलिए विकास के कार्यों का विस्तृत कार्य योजना तैयार करेः डॉ रावत

● पद्मावत मीडिया



**सलूंबर**। उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप जनजातीय क्षेत्र का समग्र विकास होना चाहिए। धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के जरिए सलूंबर नया जिला है एवं यहां अधिक से अधिक विकास के कार्य करवाए जा सकते है। इसमें धन की कोई कमी नहीं आएगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना तथा उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनका लाभ दिलवाना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, गांवों के समग्र विकास और उत्थान का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल और बिजली उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। इसके माध्यम से ग्राम स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करने, कृषि और वन उत्पादों के संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है। सांसद डॉ रावत बुधवार को सलूंबर पंचायत समिति सभागार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इस दौरान समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागीय गतिविधियों को क्रियान्वित करने के संबंध में आवश्यकता आंकलन, वर्तमान प्रावधान, अतिरिक्त प्रावधान की आवश्यकता, विस्तृत आयोजन के साथ कार्य योजना पर विस्तारण से चर्चा की गई।

### वंचित गांवों को मिलेगा लाभ

सांसद डॉ रावत ने कहा कि अभियान के तहत जिस भी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है उसे रोल मॉडल के रूप में बनाएं और उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की विस्तृत कार्य योजना तैयार करें और आवश्यकतानुसार प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि वंचित गांवों को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन आधारभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहें एवं दूर दराज के इलाकों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या का भी शीघ्र समाधान हो। इस दौरान सांसद ने पीएम आवास, सड़क, पेयजल, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आदि के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर अवधेश मीना ने कहा कि 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के अंतर्गत समन्वित प्रयासों से योजनाओं पर काम किया जाएगा। इसके तहत आमजन को लाभ पहुंचाने के लिए शिक्षा,स्वास्थ्य, सामाजिक बुनियादी ढांचा और आजीविका को प्राथमिकता दी जाएगी और समग्र विकास को बढ़ावा देना है।

## एफआईसीसीआई स्मार्ट पुलिसिंग सम्मान समारोह में उदयपुर संभाग में संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम को सराहा

### बाल संरक्षण के क्षेत्र में नवाचार के लिए तत्कालीन आईजी अजयपाल लांबा को मिला स्मार्ट पुलिसिंग का अवार्ड

● पद्मावत मीडिया

**उदयपुर**। फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की ओर से दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में उदयपुर रेंज पर बाल संरक्षण के लिए संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम को विशेष सराहना मिली है। इस कार्यक्रम अंतर्गत बाल संरक्षण के क्षेत्र में नवाचार के लिए तत्कालीन महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज- अजयपाल लांबा को स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। आईजी लांबा की प्रशासनिक कार्यों में व्यस्तता के कारण यह पुरस्कार महानिरीक्षक पुलिस के प्रतिनिधि के रूप में पुलिस अधीक्षक, श्रीगंगानगर- गौरव यादव ने प्राप्त किया। फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) की ओर से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व गृह सचिव, श्री गोपाल कृष्ण पिल्लई, ने इस अवॉर्ड से नवाजा। उल्लेखनीय है कि उदयपुर पुलिस महानिरीक्षक रहते हुए लांबा के निर्देशन में रेंज पुलिस उदयपुर द्वारा रेंज के सभी जिलों में बाल संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं बाल संरक्षित वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया गया था। कार्यक्रम अन्तर्गत यूनिसेफ राजस्थान एवं अन्य हितधारकों के सहयोग से बाल संरक्षण विषयक प्रशिक्षणों, शैक्षणिक संस्थानों में बाल वत्सल वार्ताओं, समन्वय बैठकों, नियमित रूप से समुदाय समूहों में बच्चों की सुरक्षा संबंधित विषयों पर जागरूकता अभियानों का आयोजन किया गया था जिसके सकारात्मक परिणाम परिलक्षित हुए है।

## सार समाचार

### ऐहड़ा खेला तो होगी सख्त कार्रवाई, डीएफओ सुले ने जारी की एडवाइजरी

● पद्मावत मीडिया

**राजसमंद**। होली के पश्चात पुरातन परम्परा अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग समूह बनाकर भीम, देवगढ़, ब्यावर, मांड़ल तथा आसींद में होली के पश्चात् ऐहड़ा प्रथा के तहत अवैध रूप से जंगली जानवरों का विशेषतः खरगोश, तीतर, बटेर, मोर व हिरण का शिकार करते है। उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले ने बताया कि अवैध शिकार वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम 1972 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। लोगों से अपील है कि वे ऐहड़ा प्रथा (सामूहिक शिकार) में भागीदार नहीं बने तथा ऐसे कार्यों को रोकने के लिए लोगों में जागृति पैदा करें। सूले ने बताया कि यदि किसी को ऐहड़ा प्रथा के संबंध में कोई जानकारी मिले तो वे निकटतम पुलिस थाना अथवा वन विभाग के किसी भी कार्यालय में सूचित करें। ऐहड़ा प्रथा (सामूहिक शिकार) खेलने वालों के विरुद्ध वन तथा पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही की जावेगी। सूले ने कहा है कि निरीह वन्य प्राणियों को शिकार न करे कानूनी कार्यवाही से बचे एवं वन्यजीव संरक्षण में सहयोग प्रदान करे।

### राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता हेतु आवेदन आमंत्रित, आवेदन की अंतिम तारीख 18 मार्च तक

● पद्मावत मीडिया

**उदयपुर**। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित होने वाली 'युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता' में भाग लेने वाले इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष की प्रतियोगिता 21 मार्च 2025 शुक्रवार को शिल्पग्राम उदयपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी। इच्छुक युवा आवेदन सादे कागज पर बागोर की हवेली गणगौर घाट उदयपुर में 18 मार्च सायं 5 बजे तक जमा करा सकते है। अपनी उम्र के प्रमाण हेतु शैक्षणिक अंक तालिका साथ लानी अनिवार्य होगी। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी आप पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के फेसबुक पेज तथा वेबसाइट www.wzccindia.com पर प्राप्त कर सकते हैं।

### संशोधित रात्रि चौपाल रोहनवाड़ा में आज

● पद्मावत मीडिया

**डूंगरपुर**। माह मार्च 2025 जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालय पर अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाने वाली रात्रि चौपालों का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत मुख्यालय जसैला पंचायत समिति गलियाकोट में 6 मार्च 2025 को प्रस्तावित की गई थी जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत रोहनवाड़ा में 6 मार्च 2025 को रात्रि चौपाल प्रस्तावित की गई है। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि विभागीय अधिकारी एवं प्रतिनिधि विभागीय प्रगति रिपोर्ट सहित निर्धारित तिथि को नियत स्थान पर सायं 6 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## संभाग स्तरीय सरदार पटेल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज़

# युवाओं के लिए मंच तैयार करेंगे, राष्ट्रीय स्तर तक ले जाएंगे : पाटीदार समाज



● पद्मावत मीडिया

**डूंगरपुर**। पटेल पाटीदार डांगी समाज की डूंगरपुर ज़िला मुख्यालय पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में सभी पटेल पाटीदार डांगी समाज की 64 टीमें शामिल हुई। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भाजपा नेता बंशीलाल कटारा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति अमृतलाल कलासुआ, कवि सुनील पटेल सन्नाटा नेजपुर, महेंद्र डांगी धताणा, बिछीवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दीक्षांत पाटीदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनसुख पाटीदार, विकास पटेल, प्रेमशंकर पाटीदार ऊपरगांव, इंडियालाल पाटीदार, महेश पाटीदार रहें। स्वागत उद्बोधन प्रेमशंकर पाटीदार ने दिया। सभापति अमृतलाल कलसुआ ने कहा कि पाटीदार समाज अपनी मेहनत के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। सभी समाज को साथ में लेकर पाटीदार समाज राष्ट्र विकास में अपनी भूमिका निभाता है। महेंद्र डांगी ने कहा कि खेल है युवाओं को जोड़ने व आगे बढ़ाने का माध्यम हैं। सभी क्षेत्रों में युवाओं को अवसर देंगे तभी हमारी विजय होगी। सकारात्मक दिशा में कार्य करने होंगे जो युवाओं की भागीदारी से सुनिश्चित होंगे। कवि सुनील पटेल ने कहा कि खेल के माध्यम से युवाओं को हर क्षेत्र में परिचय व सम्मान मिलेगा। जिसने युवाओं को मौक़ा दिया हैं उसी का यशगान हुआ हैं। बंशीलाल कटारा ने कहा कि युवाओं को लौहपुरुष सरदार पटेल को आदर्श मानकर आगे बढ़ना होगा। जिसमें मुट्ठी भर भी साथ दिया है उन्हें समंदर लौटाने की ज़िम्मेदारी हमारी है। दीक्षांत पाटीदार ने कहा कि हर क्षेत्र में हमारे समाज के युवा आगे बढ़ेंगे तो ख़ुशी होगी। पूरा समाज मिलकर आयोजन करता है तो समाज की एकजुटता दिखाई पड़ती हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से वॉलीबॉल से जुड़ी प्रतिभाओं को आगे आने के मौक़े मिलेंगे। प्रतियोगिता में डूंगरपुर, बांसवाड़ा व सलूम्बर की टीमें भाग लें रही हैं। पहले दौर के मैच फलोज, नेजपुर, झाड़ोल, खेमपुर, ओड़ा, उदयपुरा, आसेला, हाथौड़ ने जीतें। इस दौरान लोकेश पटेल नेजपुर, हेमेंद्र नेजपुर, सुखलाल पटेल देवल, भावेश, जलेश, अभिषेक समेत समाज के युवा प्रतियोगिता के आयोजन में मौजूद रहें। आभार डायालाल पाटीदार नवाडेरा ने जताया।

## परीक्षाओं के मद्देनजर लाउडस्पीकरों एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों से तीव्र ध्वनि के प्रसारण पर प्रतिबंध

● पद्मावत मीडिया

**डूंगरपुर**। वर्तमान में केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर एवं विश्व विद्यालय की परीक्षाएं आयोजित होने के मद्देनजर लाउड स्पीकर अथवा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम तीव्र ध्वनि प्रसारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर डूंगरपुर अंकित कुमार सिंह ने आदेश जारी कर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से उत्पन्न कोलाहल से गम्भीर असुविधाजनक होने की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए राजस्थान कोलाहल अधिनियम 1963 में प्रदत्त शक्तियों के तहत डूंगरपुर जिले की सीमाओं में बिना पूर्व अनुमति के कोई भी व्यक्ति, संस्था द्वारा लाउडस्पीकरों एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से तीव्र ध्वनि के प्रसारण पर प्रतिबंध लागू किया है । जारी आदेश के अनुसार ध्वनि विस्तारक की स्वीकृति आवश्यक होने पर संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा दी जावेगी। आदेश की अवहेलना करने पर कोलाहल अधिनियम 1963 धारा 6 के तहत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर 21 मई 2025 तक प्रभावी रहेगा।

## सौ से ज्यादा सीसीटीबी फुटेज चेक कर 24 घंटे में वारदात का खुलासा

# ट्रैक्टर-टैंकर चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

● पद्मावत मीडिया



**राजसमंद**। जिले में कांकरोली पुलिस ने ट्रैक्टर-टैंकर चोरी के मामले में 24 घंटे में खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-टैंकर बरामद किया है। कांकरोली पुलिस थाना इंचार्ज हंसाराम के अनुसार 2 मार्च को पनसिंह (32) पुत्र उदय सिंह निवासी सुदर्शन नगर, नौगामा ने कांकरोली पुलिस थाने पर रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में पनसिंह ने बताया कि 1 मार्च को शाम 7 बजे अपना ट्रैक्टर-टैंकर खेड़ाना रोड़ जैन ग्रेनाइट फैक्ट्री पर खड़ा करके घर गया था। उसके बाद जब 2 मार्च को सुबह जाकर देखा तो ट्रैक्टर-टैंकर नहीं मिले, जिसे कोई अज्ञात बदमाश चोरी करके ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने जैन ग्रेनाइट रीको एरिया का बारीकी से निरीक्षण करते हुए रीको एरिया में रात्रि के समय आने वाले संदिग्धों की सूची तैयार कर पूछताछ की। इसके अलावा 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। जिसके बाद पुलिस ने संदिग्ध चुन्नीलाल (30) पुत्र वेणीराम गायरी निवासी पीपली डोडीयान को डिटेन कर पूछताछ की। जिसके चुन्नीलाल ने अपने साथी किशन लाल गायरी (25) निवासी गाडरी वास बिजनोल के साथ मिलकर चोरी की वारदात कबूल की। जिसके पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर-टैंकर को बरामद किया। इसके अलावा चोरी की वारदात में काम आई एक बाइक भी जब्त की।

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज

**सलूंबर**। राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रतिमाह प्रथम गुरुवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन आज ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने बताया कि 6 मार्च 2025 गुरुवार को ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा एवं उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित होने के निर्देश दिये है। ग्राम स्तरीय जनसुनवाई के प्रभावी पर्यवेक्षण हेतु चक्रीय आधार पर अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## अक्षर भारती साहित्य संस्थान में नारी दिवस पर भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन

● पद्मावत मीडिया



**नई दिल्ली**। अक्षर भारती साहित्य संस्थान में नारी दिवस के अवसर पर एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से आए कवयित्रियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों और सभी कवयित्रियों को तिलक लगाकर किया गया। सरस्वती वंदना पूजा श्रीवास्तव के मधुर स्वर में काव्य पाठ का प्रारंभ हुआ। इसके बाद कवयित्री वीणा अग्रवाल, डॉ दीप्ति मिश्रा, श्वेता श्रीवास्तव, मंजू कुशवाहा, कुलदीप कौर दीप, कोमल वाणी, सीमा सिन्हा मैत्री, पिंकी सिंघल, डॉ मणी, अनुराधा पांडे, अनन्या पहाड़ी, डॉ पूजा भारद्वाज, डॉ कविता सिंह प्रभा, रेणु रतन मिश्रा, नेहा शर्मा, एस आर पांडे और संगीता वर्मा, ने अपनी कविताओं का पाठ किया। विशिष्ट अतिथियों में राजश्री जैन, वसुधा कनुप्रिया, और सुनिता छाबड़ा ने अपने विचार साझा किए और कवयित्रियों को प्रोत्साहित किया। संस्थान के संरक्षक शैलेन्द्र जैन अप्रिय और अध्यक्ष अक्षय जैन उपाध्यक्ष डॉ सत्यम ने भी अपने संबोधन में कवयित्रियों की प्रतिभा की प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्थान की विशेष सचिव प्रेरणा सिंह ने अपने चिर परिचित अंदाज में किया, जिससे काव्य गोष्ठी को एक ऐतिहासिक आयाम मिल गया। अक्षर भारती साहित्य संस्थान ने विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र एवं अतिथियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इस कार्यक्रम में अक्षर भारती साहित्य संस्थान के महासचिव हिमांशु शुक्ल और संयुक्त सचिव सचिन पर्वाना, विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ दीपा, राजस्थान राज्य प्रभारी ईशा भारद्वाज, आनलाइन प्रभारी पूनम मल्होत्रा ने भी अपनी कविताओं का पाठ कर दर्शकों को भावुक कर दिया। उनकी कविताओं में नारी शक्ति की भावना और सामाजिक संदेश को बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की सफलता में इन सभी का प्रयास सराहनीय है। यह कार्यक्रम नारी दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण और साहित्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था।

## नीमच माता मंदिर जीर्णोद्धार पर डीपीआर बना कार्य कराएगी सरकार

● पद्मावत मीडिया



**उदयपुर**। राज्य सरकार द्वारा बजट 2024 25 में नीमच माता जीर्णोद्धार की घोषणा के तहत बुधवार को अधिकारियों व अभियंताओं के दल ने मंदिर परिसर तथा चढ़ाई मार्ग, बैठने की मौजूदा व्यवस्था इत्यादि व संपूर्ण क्षेत्र का गहन दौरा किया । मंदिर ट्रस्ट से जुड़े युवा सामाजिक कार्यकर्ता मयंक कुमावत ने बताया कि पर्यटन विभाग के माध्यम से कार्यकारी एजेंसी द्वारा डीपीआर बनाने का कार्य किया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत भी कुछ समय पूर्व मंदिर परिसर का दौरा कर चुके है। दौरे में देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जतिन गांधी , उपनिदेशक, पर्यटन शिखा सक्सेना,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के सहायक अभियंता अनिल मित्तल, पीड़िकोर लिमिटेड के विमल सिंघारिया , हनी गढ़वाल , देवस्थान विभाग के निरीक्षक सुनील मीणा, गोपाल त्रिवेदी , सहायक वन संरक्षक उदयपुर उत्तर राजेंद्र सिंह, वनपाल भेरूलाल गाडरी सम्मिलित रहे। कुमावत ने बताया कि अधिकारियों के दल को मौजूदा स्थिति से रूबरू कराते हुए उनसे आग्रह किया गया कि माता मंदिर की आध्यात्मिकता , दर्शनार्थियों की सुविधा तथा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए डी पी आर बने तथा तुरंत कार्य प्रारंभ हो।

## दौसा जिले में थाना नांगल राजावतान की स्पेशल टीम व साईबर सेल दौसा की संयुक्त कार्रवाई

# सोशल मीडिया पर लेडीज कुर्ती के विज्ञापन सम्बन्धी फोटो-वीडियो शेयर कर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

● पद्मावत मीडिया




**जयपुर**। दौसा जिले में थाना नांगल राजावतान की स्पेशल टीम व साईबर सेल ने संयुक्त कार्रवाई में सोशल मीडिया पर लेडीज कुर्ती के विज्ञापन सम्बन्धी फोटो-वीडियो शेयर कर ठगी करने वाले गिरोह के सदस्य विकास सैनी पुत्र गंगाधर सैनी उम्र 19 साल निवासी खारया की ढाणी तन बडागॉव थाना नांगल राजावतान को गिरफ्तार दो एंड्राइड मोबाइल में दो सिम जप्त की है। आरोपी के पांच बैंक खातों एवं चार मोबाइल वोलेट्स में विभिन्न राज्यों के नागरिकों से लाखों रुपए की ठगी किया जाना सामने आया है। जिसके संबंध में जॉच की जा रही है। एसपी सागर राणा ने बताया कि आईजी जयपुर रेंज अजयपाल लाम्बा व उनके निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार अग्रवाल व सीओ चारुल गुप्ता के पर्यवेक्षण तथा थानाधिकारी नांगल राजावतान हुसैन अली के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस दल द्वारा वर्तमान में साइबर अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपराधों के निर्बाध पंजीकरण, तत्काल अनुसंधान, रोकथाम, जागरुकता के सतत् कार्रवाई की जा रही है। एसपी राणा ने बताया कि मंगलवार को साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर भारत सरकार द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल तथा प्रतिबिम्ब पोर्टल की मदद से जानकारी मिली कि संदिग्ध मोबाईल नंबर की लोकेशन नांगल राजावतान ईलाका की है। इस पर एएसआई रघुराज सिंह, हेड कांस्टेबल लक्ष्मीकांत शर्मा, कांस्टेबल रामावतार व रिंकूलाल की विशेष टीम द्वारा आसूचना संकलन कर इसकी पुष्टि की। साइबर सेल की तकनीकी मदद से खारया की ढाणी से आरोपी विकास सैनी को डिटेन किया गया। उसके पास मिले मोबाईल व सिम ऑनलाइन फाइनेंशियल फ्रॉड में प्रयुक्त होना पाया गया। आरोपी विकास और इसके साथी इंस्टाग्राम पर लेडीज कुर्ती के विज्ञापन संबंधी फोटो व वीडियो अपलोड कर लोगो को अपने चंगुल में फंसाते है। ऑनलाईन रकम ठग विभिन्न बैंक खातों एवं वॉलेटस में प्राप्त करते है। आरोपी के पांच बैंकों के खातों एवं मोबाइल वॉलेट्स को चिन्हित किया गया है, जिसमें देश के कई राज्यों के लोगों से लाखों रुपये की राशि का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। इस पर आरोपी विकास सैनी को मौके पर ही गिरफतार कर इसके पास मिले मोबाईल व सिम को जप्त किया गया। आरोपी से पुलिस गहनता से अनुसंधान कर रही है। इस कार्रवाई में थाना नांगल राजावतान से एसएचओ हुसैन अली सहित एएसआई रघुराज सिंह, हेड कांस्टेबल लक्ष्मीकांत, कांस्टेबल रामावतार, रिंकू लाल, कांस्टेबल चालक हरि सिंह एवं साइबर सेल से कांस्टेबल सोनू कुमार व दिनेश कुमार शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।